Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7635	10.08.2023	10.08.2023	Giridih Jharkhand	www.news11.live/Hindi https://www.news11.live/diarrhea-fast-catching-up-in-giridih-two-dead-many-sick/jharkhand/news/25279.html
Title:	**Diarrhea fast catching up in Giridih, two dead, many sick, Jharkhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Giridih, SSU- Jharkhand			

बरसात के शुरुआत होते ही बहुत सी बीमारी भी आने लगते है. डायरिया का प्रकोप भी मानसून में बढ़ता जा रहा है. झारखंड के पीरटांड प्रखंड के मदनाडीह में लगातार डायरिया अपना पैर पसार रहा है. बता दें की मदनाडीह में अबतक दो लोगों की मौत हो गई. इससे बच्चे और महिलाएं ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं. पीरटांड के मदनाडीह में डायरिया कई दिनों से फैला हुआ है. यहां दो लोगों की मौत हो चुकी है. जबकि कई लोग बीमार हैं. सदर विधायक ने बीमार लोगों का हाल जाना है.

यहां पिछले कुछ दिनों से डायरिया की चपेट में कई लोग आ गए हैं. चपेट में आये लोगों में से दो ने दम तोड़ दिया है. जिन लोगों की मौत हुई है उनमें 48 वर्षीय प्रभु बेसरा और 70 वर्षीय बड़की देवी शामिल हैं. इस मामले की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को सदर विधायक सुदिव्य कुमार मदनाडीह गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की. साथ ही साथ बीमार से भी मिले.

दो अलग-अलग अस्पतालों में हो रहा इलाज

बताया जा रहा है कि डॉक्टरों के अभाव के कारण दो जगह मरीजों का इलाज कराया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग की टीम भी बुधवार को मदनाडीह पहुंची. यहां से बीमार लोगों को इलाज के लिए हरलाडीह स्थित

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. यहां पांच लोगों को भर्ती कराया गया. जबकि बाकी बचे बीमार लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरकी लाया गया. यहां पर बीमार को भर्ती करवाया गया. बीमार की स्थिति देखने के लिए पीरटांड अंचलधिकारी के साथ पीरटांड प्रखंड विकास पदाधिकारी भी हरलाडीह पहुंचे.

परिजनों ने कहा, सीएचसी से कर दिया गया था रेफर

दूसरी ओर जिन दो लोगों की मौत हुई है. उनके परिजनों ने सीएचसी पर गंभीर आरोप लगाया है. परिजनों का कहना है कि मृतक दोनों लोग चिरकी में भर्ती थे. मंगलवार की रात दोनों को रेफर कर दिया गया. इसके बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया. यहां दोनों ने दम तोड़ दिया. इस मामले पर सीएचसी के कर्मी ने बताया कि यहां से किसी को रेफर नहीं किया गया था. दोनों मरीज रात में परिजनों के साथ चले गए थे.

मरीजों के इलाज में कोताही बर्दाश्त नहीं: विधायक

इधर, सदर विधायक सुदिव्य कुमार ने कहा कि डायरिया फैलने की सूचना पर वे मदनाडीह पहुंचे. यहां से सभी मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है.